छत्तीसगढ़	• 76 विद्यालयों में से कोण्डागाँव जिले के मकड़ी ब्लॉक के दो विद्यालयों और जसपुर जिले के बगीचा ब्लॉक के एक विद्यालय में 2011-12 के दौरान 188 छात्रों को वर्दी का वितरण नहीं किया गया। इसके अतिरिक्त यह भी देखा गया कि 2011-12 के दौरान 26 विद्यालयों, 2012-13 के दौरान 23 विद्यालयों और 2013-14 के दौरान 20 विद्यालयों में, प्रत्येक विद्यार्थी को, दो वर्दियों के मानदण्ड के विपरीत, वर्दी का एक सैट वितरित किया गया।
झारखण्ड	• स्पेशल फोकस चिल्ड्रन के लिए मुफ्त वर्दी के प्रावधान को एक वर्ष पश्चात् नियमों में शामिल किया गया। परिणामस्वरूप, वर्ष 2011-12 के लिए भा.स. द्वारा राज्य को मुफ्त वर्दी के लिए निधियों का निर्मुक्तिकरण नहीं किया गया। • 2012-13 के दौरान वर्दियों के विलंम्बित वितरण के कारण 40 विघालयों में, जिनकी नमूना जाँच की गई, 2011-12 और 2013-14 के दौरान अ.ज.जा. के विधार्थी भी मुफ्त वर्दी से वंचित रहे। • नमूना जाँच वाले क.गा.बा.वि. में आंठवी कक्षा तक के विधार्थियों को 2011-14 की संपूर्ण अवधि के लिए वर्दी का केवल एक सैट प्रदान किया गया।
जम्मू एवं कश्मीर	• 29 और 31 मार्च, 2014 को वर्ष 2013-14 के दौरान विधार्थियों के लिए वर्दियों का प्रावधान करने के लिए सी.ई.ओ. अनंतनाग को ₹2.68 करोड़ की राशि 29 व 31 मार्च 2014 को निर्मुक्त की गई जो खर्च नहीं की जा सकी। सी.ई.ओ. अन्नतंनाग ने बताया कि निधियों को निर्मुक्त किए जाने के एक दिन के अंदर उसका विवेकपूर्वक उपयोग सम्भव नहीं है। 2011-14 की सम्पूर्ण अवधि के दौरान अनतंनाग, लेह और कारगिल के क.गा.बा.वि. में भर्ती बालिकाओं को वर्दियों नहीं दी गई थीं। राजौरी और रिआसी के क.गा.बा.वि. में 2013-14 के दौरान वर्दी का केवल एक सैट जारी किया गया और पुँछ में 2011-14 के दौरान वर्दी के दो सैट के मानदण्ड के विपरीत केवल एक सैट जारी किया गया।
असम	• एस.एस.ए. निधि में से वर्दी के दो सैट, जिसमे शर्ट व पैंट, स्कर्ट आदि शामिल थे, प्रदान किए गए परंतु स्कूल बैग, जूते, जुराबें व टाई नहीं दिए गए।
आंध्र प्रदेश	• सात नमूना जिलों में किसी भी शैक्षणिक सस्थांन में, जिनकी नमूना जाँच की गई थी, विद्यालयों को वर्दी का पूरा सैट नहीं दिया गया। इसके स्थान पर लड़को को पैटं शर्ट और लड़कियों को ड्रैस दी गई।
मध्य प्रदेश	• चयनित दस जिलों में 84 प्राथमिक व उच्च प्राथमिक विद्यालयों में 49291 विधार्थियों को स्कूलों में नामांकित किया गया जिसमें से 33722 अ.ज.जा. के थे। यह देखा गया कि इस सत्य के बावजूद कि सभी विधार्थियों को मुफ्त वर्दी और पाठ्यपुस्तकें दी गई, 689 विधार्थियों द्वारा बीच में ही स्कूल छोड़ दिया जिनमें से 619 अनुसूचित जनजाति के थें। • दस चयनित जिलों में यह पाया गया कि 2011-14 की अवधि के लिए 84 चयनित प्राथमिक और उच्च प्राथमिक विद्यालयों, नौ क.गा.बा.वि. और छः छात्रा हॉस्टल के सभी विद्यार्थियों के अभिभावकों के बैंक खातों में दो वर्दी सेटों अर्थात् लड़कियों के लिए सलवार, कुर्ता और लड़कों के लिए पैंट-शर्ट के लिए ₹400 की निर्धारित राशि का अंतरण किया गया था।

[12] धुले और नंदूबार

[13] नवापुर एस.एस.ए. 8 वर्दियों का वितरण

अनुबंध-18

(पैरा सं. 4.5.1.1(v) के संदर्भ में: अ.ज.जा. छात्रों के बहिष्कार के मामले)

राज्य	अभ्युक्तियां
मध्य प्रदेश	• दस चयनित जिलों के 21 ब्लाकों के 84 विद्यालयों, छ: के.जी.बी.बी. तथा छ: बालिका छात्रावासों से प्रस्तुत सूचना के अनुसार, यह पाया गया था कि वर्ष 2011-12, 2012-13 तथा 2013-114 के दौरान क्रमश: 338, 332 तथा 351 नियमित शिक्षकों की तैनाती की गई थी तथा उनमें से क्रमश: केवल 167,158 तथा 160 उन जिलों जहॉ विद्यालय स्थित थे, से बुलाए गए थे। • दीनदोरी ब्लाक के के.जी.बी.वी., शाहपुरा के सिवाय के.जी.बी.बी. तथा बालिका छात्रावासों में किसी नियमित शिक्षिकों को तैनाती नहीं की गई थी।
झारखण्ड	• जनजातीय बच्चों को संवितरित पुस्तकें स्थानीय भाषा (कुरूख, संथाली, हो) में छपी नहीं थीं। • कक्षा 1 से VIII तक के बच्चों के पास केवल 3 से 11 पुस्तकें उपलब्ध थीं परंतु पुस्तकें उनकी मातृभाषा में नहीं थीं। न तो किसी पुस्तक का प्रकाशन और न ही छात्रों को संवितरित पुस्तकें उनकी मातृ भाषा में थी। • 2011-14 के दौरान 167 से 192 के बीच के शिक्षकों में से 8 से 14 के बीच के शिक्षक जिले के बाहर से बुलाए गए थे तथा किसी भी शिक्षक को जनजातीय क्षेत्रों में कार्य करने हेतु कोई विशेष प्रशिक्षण प्रदान नहीं किया गया था।
छत्तीसगढ़	• हमने पाया कि केवल दो जिलों में, तैनात किए गए 100 प्रतिशत शिक्षक उसी जिले के थे जबकि बिलासपुर, में 79 से 81 प्रतिशत बस्तर में, 57 से 73 प्रतिशत जशपुर में, 83 से 86 प्रतिशत रायगढ़ में, 60 से 90 प्रतिशत तथा 60 से 75 प्रतिशत तैनात किए गए शिक्षक उसी जिले के थे। इस प्रकार, स.शि.अ. दिशानिर्देशों में उल्लेखित शिक्षक के रूप में स्थानीय जिलों के देशीय वक्ता की तैनाती के मानदण्डों का अनुपालन नहीं किया गया था। • यद्यपि कक्षा 1 से कक्षा VIII के लिए एक से सात पुस्तकें निर्धारित की गई थीं फिर भी सरकार द्वारा स्थानीय भाषा की कोई पुस्तिका तैयार नहीं की गई थी। नमूना जांच किए गए विद्यालयों में तैनात शिक्षकों को जनजातीय बोली के ज्ञान सहित जनजातीय क्षेत्रों में कार्य करने हेतु गैर-जनजातीय शिक्षकों को कोई विशेष प्रशिक्षण प्रदान नहीं किया गया था।
गुजरात	• शिक्षकों को उनके मूल जिलों अथवा आस-पास के जिलों में तैनात किया गया है जिससे वह स्थानीय भाषा/बोली से अच्छी तरह अवगत हो। शिक्षकों को स्थानीय भाषा/बोली हेतु कोई विशेष प्रशिक्षण प्रदान नहीं किया गया था।
असम	• 2011-14 के दौरान, विद्यालयों के 106 नियमित शिक्षकों में से 63 शिक्षकों (59.43 प्रतिशत) शिक्षक कर्बी अंगलोंग जिले के बाहर से बुलाए गए थे। जिले के बाहर के सभी शिक्षकों को स्थानीय बोली के ज्ञान सहित जनजातीय क्षेत्रों में कार्य करने हेतु कोई विशेष प्रशिक्षण प्रदान नहीं किया गया था। चयनित विद्यालयों के प्रत्यक्ष सत्यापन में यह पाया गया था कि नमूना जांच की गई कक्षाओं V तथा VI के छात्रों हेतु निर्धारित पांच पुस्तकों में से केवल एक पुस्तक स्थानीय भाषा (कर्बी) में थी।
महाराष्ट्र	• दो चयनित जिलों में चार[14] चयनित ब्लाकों में उन्नीस विद्यालयों के अभिलेखों की संवीक्षा के दौरान यह देखा गया था कि 371 शिक्षकों में से 43 शिक्षक मूल निवासी थे तथा शेष अन्य जिलों से थे। किसी भी शिक्षक को जनजातीय क्षेत्र में कार्य करने हेतु विशेष प्रशिक्षण प्रदान नहीं किया गया था।

[14] नवापुर,शाहादा,सकरी तथा शिरपुर

जम्मू एवं कश्मीर	• 2011-14 के दौरान न तो पाठ्यक्रम तथा पुस्तिका में स्थानीय भाषा को शामिल किया गया था और न ही जनजातीय क्षेत्रों में कार्य करने हेतु शिक्षकों को कोई प्रशिक्षण प्रदान किया गया था • इस प्रकार, समुदाय में उपलब्ध संसाधनों का उपयोग करके स्थानीय भाषाओं में शैक्षणिक सामग्रियों की अनुपलब्धता तथा जनजातीय क्षेत्रों में कार्य करने हेतु गैर-जनजातीय शिक्षकों हेतु विशेष प्रशिक्षण, जैसा दिशानिर्देशों में उल्लेख किया गया है, के प्रयासों की कमी के कारण उनकी अध्ययन सामग्री के माध्यम से सामजिक तथा सांस्कृतिक सहायता छात्रों को प्रदान नहीं की जा सकी।

अनुबंध-19

(पैरा सं. 4.5.1.1(vi) के संदर्भ में *:* शिक्षको की कमी)

राज्य	अभ्युक्तियां
छत्तीसगढ़	• भा.स. द्वारा शिक्षकों के 253453 पद संस्वीकृत किए गए थे। यह पाया गया था कि 2013-14 के दौरान केवल 190920 पद (75 प्रतिशत) भरे गए थे तथा शेष 62533 पद (25 प्रतिशत) रिक्त थे। एक विश्लेषण ने आगे प्रकट किया कि: • प्राथमिक विद्यालय शिक्षक, प्राथमिक विद्यालय प्रधान शिक्षक तथा उच्च प्राथमिक विद्यालय शिक्षक के पद में रिक्तताएं 19 से 34 प्रतिशत के बीच थी। • उच्च प्राथमिक विद्यालय शिक्षकों के पद में 68 प्रतिशत रिक्तताएं थीं।
गुजरात	• राज्य में 43,176 विद्यालयों में से, 5,698 छात्रों वाले 64 विद्यालय किसी भी शिक्षक के बिना चलाए जा रहे थे जबकि 874 विद्यालयों को सितंबर 2014 तक राज्य में एक शिक्षक के साथ चलाया जा रहा था। नमूना जांच किए गए जिलों में, 7301 विद्यालयों में से 153 विद्यालयों में मार्च 2014 तक केवल एक शिक्षक था जबकि तीन विद्यालयों (वलसाड़ जिला) में 156 अ.ज.जा. छात्र थे तथा कोई शिक्षक नहीं था।
असम	• कर्बी अंगलोंग जिले में छात्र-शिक्षक अनुपात 22:1 था जो 40:1 के निर्धारित अनुपात की तुलना में अधिक था तथा विद्यालयों में शिक्षको की तैनाती आवश्यकता आधारित नहीं थी। 2013-14 के दौरान, आठ नमूना जांच किए गए विद्यालयों में से तीन में, एक से तीन शिक्षक आर.टी.ई. अधिनियम 2009 में निर्धारित मापदण्डों से अधिक थे। जबकि तीन विद्यालयों में एक से चार शिक्षक आवश्यकता से कम थे। शिक्षकों की अनियमित तैनाती के कारण उन विद्यालयों के छात्र जहाँ शिक्षक आवश्यकता से कम थे, गुणवत्ता शिक्षा से वंचित थे।

अनुबंध-20

(पैरा सं. 4.5.1.2(ii) के संदर्भ में : रसोईघर सह भण्डार का अभाव)

क्र.सं.	राज्य/सं.शा.क्षे.	अभ्युक्तियां
1.	अण्डमान एंव निकोबार	• निकोबार एंव दक्षिण अण्डमान जिले में खाना अस्वच्छ अस्थायी रसोईघर तथा खुले स्थान में पकाया गया था। • रसोई घर उपकरणों के प्रापण हेतु भा.स. द्वारा संस्वीकृत 0.70 लाख की ज.जा.उ.यो. राशि का गैर-जनजातीय क्षेत्रो में विद्यालयों हेतु उपयोग किया गया था। • दोपहर का भोजन प्रदान करने हेतु कोई भोजन खाने का स्थान नहीं था तथा छात्रों को प्लास्टिक के लंच बाक्स में भोजन लेते पाया गया।
2.	मध्य प्रदेश	• 84 चयनित विद्यालयों में से 30 में रसोई घर सह भण्डार उपलब्ध नहीं था। • 6 विद्यालयों में पेय जल उपलब्ध नहीं था। • 56 विद्यालयों में बर्तन उपलब्ध नहीं थे।
3.	गुजरात	• नमूना जांच किए गए जिलों में 125 इकाईयों में रसोई घर सह भण्डार उपलब्ध नहीं था। • 1922 जनजातीय जिला विद्यालयों में से 533 बिना रसोईघर सह भण्डार के थे। • 1389 कच्चे रसोई घर शैड वाले थे। • नमूना जांच किए गए जिले में ₹4.36 करोड़ का उपयोग रसोईघर उपकरणों के प्रापण के लिए नहीं किया गया था।
4.	असम	• 8 चयनित जिलों में से 6 में 68 चयनित विद्यालयों में से 64 विद्यालयों ने 16 विद्यालयों में रसोई घर-सह-भण्डार न होना प्रकट किया। • भोजन को अस्वस्छ स्थिति में कक्षा/खुले स्थान में पकाया गया था।
5.	पश्चिम बंगाल	• 6 नमूना जांच किए गए जिलों में 88 विद्यालयों में से 44 विद्यालयों की स्थिति काफी खराब थी अर्थात् 6 विद्यालयों में रसोई घर सह भण्डार नहीं था तथा 2 में पक्का रसोई घर नहीं था। • 23 विद्यालयों ने पिछले 3 वर्षों के दौरान रसोई घर उपकरण प्राप्त नहीं किए थे। • 14 विद्यालयों में पर्याप्त जल व्यवस्था नहीं थीं।
6.	दमन एंव दीव	• दमन के 2 विद्यालयों में अलग रसोई घर अथवा पर्याप्त जल नहीं था।
7.	तमिलनाडु	• चयनित 9 जिलों में, 4690 रसोई घर सहभण्डार में से केवल 122 (2.60%) को पूरा किया गया था तथा 634 केन्द्रों में निर्माण कार्य प्रगति में था तथा ₹115.38 करोड़ का उपयोग नहीं किया गया है।
8.	राजस्थान	• 10 चयनित जिलो में, 8482 विद्यालय बिना रसोईघर सह भण्डार के थे। • दूगंरपूर के सिवाय 9 चयनित जिलों (अलवर, बासंवारा, डोंसा, जयपुर, करौली, प्रतापगढ़, सवई मधोपूर, सिरोही तथा उदयपुर में रसोई घर उपकरण काफी कम संख्या में उपलब्ध थे। • 3 जिलों (अलवर, प्रतापगढ़, जयपुर) में रसोई गैस उपकरण उपलब्ध नहीं थे।
9.	सिक्किम	• 2 विद्यालयों में रसोईघर विद्यालयों से अलग नहीं थे।
10.	मणिपुर	• भोजन पकाने के लिए कोई रसोईघर शैड नहीं पाए गए थे। • भोजन कक्षा, विद्यालय के पास सामुदायिक हाल अथवा खुले स्थानों जैसे अस्थायी प्रबंधनों में पकाया गया था।

अनुबंध-21

(पैरा सं. 4.5.1.2(iv) के संदर्भ में : खाद्य अनाज का कुप्रबंधन)

क्र.सं.	राज्य	अभ्युक्तियां
1	**छत्तीसगढ़**	• नमूना जांच किए गए विद्यालयों में 2011-12 से 2013-14 के दौरान 4948 से 5361 छात्रों के लिए 141718 कि.ग्रा. से 156844.1 कि.ग्रा. के बीच अपेक्षित खाद्य अनाज के प्रति केवल 105938.7 कि.ग्रा. से 124694.2 कि.ग्रा. खाद्य अनाज का आवंटन किया गया था।
2	**असम**	• योजना स्तर पर म.भो. प्रदान करने में कमी 41 दिनो से 53 दिनो के बीच थी। • आठ चयनित जिलों में से चार में खाद्य अनाज वास्तविक आवश्यकता से 5.36 प्रतिशत से 29.82 प्रतिशत तक कम आबंटित किया गया था तथा उसका भी पूरा उपयोग नहीं किया गया था। • ₹13.84 से ₹653.61 लाख का रसोई खर्च बिना उपयोग शेष रहा। • कुल ₹57.23 लाख की भोजन पकाने की राशि को प्रधान सचिव, बी.टी.सी., कोकराझार द्वारा 2012-13 से अगस्त 2014 तक बिना उपयोग किए रखा गया था। • 2013-14 के दौरान, 59 (68 में से) चयनित विद्यालयों में यह पाया गया था कि पकाया गया भोजन पी.ए.बी. द्वारा स्वीकृत विद्यालय दिवसों से कम प्रदान किया गया था। म.भो. प्रदान करने में कमी 01 दिन से 197 दिनों के बीच थी।
3	आन्ध्र प्रदेश	• अपेक्षित खाद्य अनाज, आंबटित खाद्य अनाज, अपेक्षित भोजन पकाने की लागत, आंबटित भोजन पकाने की लागत आदि से सबंधित सूचना प्रस्तुत नहीं की गई थी।
4	**राजस्थान**	• एक विद्यालय में निधियां प्रदान न किए जाने के कारण छात्रो को म.भो. प्रदान नहीं किया गया था। • करौली जिलों के 35 से 53 के बीच छात्रों वाले दो विद्यालयों में 2011-12 से 2013-14 के दौरान म.भो. नियमित रूप से प्रदान नहीं किया गया था।
5	पश्चिम बंगाल	• एक वर्ष में 230 दिनों के लिए म.भो. प्रदान करने के अनुबंध के प्रति यह देखा गया था कि 88 नमूना जांच किए गए विद्यालयों में से 74 (84 प्रतिशत) 2011-14 के दौरान इस अनुबंध की अनुपालना नहीं कर सके थे। • इन 33 विद्यालयों, जिन्होंने 200 से 229 दिनों तक म.भो. प्रदान किया था, में से 30 ने 150 से 199 दिनों 9 में 100 से 149 दिनों तथा 2 विद्यालयों ने 100 दिनों से कम तक म.भो. प्रदान किया था।
6	त्रिपूरा	• 28 नमूना जांच किए गए में से 25 विद्यालयों को 2011-12 के दौरान चावल की अपेक्षित प्रमात्रा आबंटित नहीं की गई थी जबकि 2012-13 के दौरान 21 विद्यालयों तथा 2013-14 के दौरान 24 विद्यालयों में पर्याप्त प्रमात्रा का गैर-आबंटन पाया गया था। 2011-12, 2012-13 एंव 2013-14 के दौरान चावल आबंटन क्रमश: 51, 72 एंव 66% था। • पश्चिम त्रिपूरा जिले में जीरीनिया ब्लॉक के अंतर्गत बलराम ठाकर पारा एस.बी. विद्यालय में जनवरी 2011 से फरवरी 2013 तक 26 महीनों के लिए चावल का निरन्तर (ऋणात्मक) शेष था। • नमूना जांच किए गए विद्यालयों में नकारात्मक शेष की मौजूदगी 1 महीने से 15 महीनों के बीच थी तथा चावल की बकाया प्रमात्रा 121 कि.ग्रा. से 1084 कि.ग्रा. के बीच थी। • विद्यालयों को उनकी आवश्यकता के अनुसार भोजन पकाने की लागत भी प्रदान नहीं की गई थी। • पश्चिम त्रिपुरा जिले में बिसालगढ़ ब्लॉक के अंतर्गत पेकूजीला हाई स्कूल ने अक्टूबर 2011 से मार्च 2014 तक लगातार 30 महीनों तक अपनी आवश्यकता के अनुसार भोजन पकाने की लागत प्राप्त नहीं की थी तथा नकारात्मक शेष ₹43,323 (मार्च 2014) तक बढ़ा। • 28 नमूना जांच किए गए में से 19 विद्यालयों को 2011-12 के दौरान भोजन पकाने की कम लागत मिली जबकि 2012-13 तथा 2013-14 के दौरान आंकड़ा क्रमश: 20 तथा 18 था।

अनुबंध-22

(पैरा सं. 4.5.1.3(i) के संदर्भ में : अनुचित अवसंरचना)

राज्य	अभ्युक्तियां
मध्य प्रदेश	• विद्यालय में अवसंरचना की मूल आवश्यकता का निर्धारण 2009-10 में किया गया था परंतु 10 चयनित जिलों में 2011-12 से 2013-14 की अवधि के दौरान संस्वीकृत निर्माण कार्य उपरोक्त निर्धारण के अनुसार नहीं था। 15 निर्माण कार्य उन 15 विद्यालयों हेतु संस्वीकृत किए गए थे जहां सुविधाएं पहले से उपलब्ध थीं। तथापि, राज्य में 989 विद्यालय ऐसी सुविधाओं अर्थात, पुस्तकालय, विज्ञान पुस्तकालय, गतिविधि कक्ष, शौचालयों, पेय जल के बिना चलाए जा रहे थे।
असम	• 33 चयनित विद्यालयों में से 32 विद्यालय बड़े पैमाने पर त्रूटिपूर्ण अवसंरचना के साथ कार्य कर रहे थे तथा इसलिए उन विद्यालयों के छात्र आसानी से शिक्षा प्रदान करने हेतु अपेक्षित उपयुक्त सुविधाओं से वंचित रहे। • 8 जिलों में 309 विद्यालयों में अतिरिक्त कक्षा, विज्ञान प्रयोगशाला, कम्प्यूटर प्रयोगशाला, प्रयोगशालाएँ, पुस्तकालय, शौचालय तथा पेयजल प्रदान करने हेतु ₹79.88 करोड़ की लागत का निर्माण कार्य, कार्य आदेशों को जारी करने से 6 से 19 महीनों के बीत जाने के पश्चात भी अपूर्ण रहा।
राजस्थान	• वर्ष 2010-11 तथा 2011-12 हेतु संस्वीकृत क्रमश: 65 (951 मे से) तथा 2392 सिविल कार्य को 17 से 28 महीनों के बीत जाने के पश्चात भी प्रारम्भ नहीं किया गया था (मार्च 2014) तथा 2010-11 (2011-12 में संस्वीकृत) के 388 विद्यालयों (951 में से) का सिविल कार्य मार्च 2014 तक अपूर्ण पड़ा था। • 17 से 28 महीनो के बीत जाने के पश्चात भी विद्यालय के सुदृढ़ीकरण निर्माण कार्य के गैर-निष्पादन के कारण छात्र अपेक्षित सुविधाओं से वंचित थे।
त्रिपूरा	• चयनित 14 विद्यालयों में से 12 विद्यालयों में विज्ञान पुस्तकालाएं, विज्ञान प्रयोगशाला, गणित तथा कम्प्यूटर प्रयोगशालाएं प्रदान नहीं की गई थीं। केवल ब्लैक बोर्ड तथा फर्नीचर जैसी अवसरंचना सुविधाएं इन विद्यालयों को आर.एम.एस.ए. निधियों के अंतर्गत प्रदान की गई थी।
कर्नाटक	• वर्ष 2009-10 तथा 2010-11 के दौरान राज्य आर.एम.एस. द्वारा संस्वीकृत कुल 2123 सिविल कार्य को 2013-14 के दौरान प्रारम्भ किया गया था। सितंबर 2014 तक कोई कार्य समाप्त नहीं किया गया है। • एक विद्यालय[15] की नमूना जांच ने प्रकट किया कि सिविल कार्य जनवरी 2014 में आरम्भ किया गया था तथा भूमि की खुदाई का काम केवल पांच दिनों के लिए प्रारम्भ किया गया था तथा आगे कोई कार्यक्रम नहीं था।
ज.एंव क.	• चयनित छ: जिलों में कुल 445 माध्यमिक विद्यालयों में से 377, 380, 412, 242 तथा 435 विद्यालय क्रमश: पुस्तकालय, कम्प्यूटर प्रयोगशाला, समेकित प्रयोगशाला कक्ष, प्रधानाचार्य कक्ष तथा बालिका गतिविधि कक्षों के बिना चल रहे थे। • इसी प्रकार, चयनित छ: जिलों में कुल 157 उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में से 88,108,107,66 तथा 157 विद्यालय क्रमश: पुस्तकालय, कम्प्यूटर प्रयोगशाला, समेकित प्रयोगशाला कक्ष, प्रधानाचार्य कक्ष तथा बालिका गतिविधि कक्षों के बिना चल रहे थे। विद्यालयों को अवसरंचना प्रदान करने में कमी इस सबंध में निधियों की अप्राप्ति के कारण थी।
तमिलनाडु	• 2010-11 में, भा.स. ने 5893 सिविल निर्माण कार्यो नामत: नई विद्यालय इमारत का निर्माण, विद्यालयों का सुदृढ़ीकरण, शिक्षको के मकान आदि को संस्वीकृत किया है। • 1752 निर्माण कार्यों (अतिरिक्त कक्षाएं तथा विज्ञान प्रयोगशाला) के प्रति लो.नि.वि. ने केवल 763 निर्माण कार्य प्रारम्भ किए है तथा शेष 989 निर्माण कार्यों को आज तक (मई 2014) अभी भी प्रारम्भ किया जाना है। • चयनित नौ जिलों में, 948 निर्माण कार्यों की संस्वीकृति के प्रति 494 विद्यालयों में निर्माण कार्य प्रारम्भ किए गए थे तथा 454 विद्यालयों में निर्माण कार्य अभी भी प्रारम्भ किए जाने थे।

[15] जी.एच.एस., बेनछीनमर्दी (कोलावी), गोकाक

	• 344 नई विद्यालय ईमारतों के निर्माण का कार्य अभी भी तिथि तक प्रारम्भ किया जाना था। जिसमें में 126 नई विद्यालय ईमारतों का नौ चयनित जिलों में निर्माण किया जाना था।
गुजरात	• पी.ए.बी. ने प्रत्येक गणित तथा विज्ञान प्रयोगशाला किटों के 644 सेटों (प्रत्येक में 10 किटे शामिल है) के प्रापण हेतु ₹1.93 करोड़ की राशि स्वीकृत (2013-14) की जिसमें नमूना जांच किए गए जिलों हेतु 127 सेट शामिल थे। तथापि, लेखापरीक्षा ने पाया कि विज्ञान प्रयोगशाला किटों का प्रापण तथा विद्यालयों में इसका संवितरण नहीं किया गया था। • लेखापरीक्षा ने यह भी पाया कि 326 विद्यालयों में से केवल 100 विद्यालयों (मार्च 2014) का निर्माण कार्य प्रारम्भ किया गया था जबकि शेष 226 विद्यालयों का निर्माण विभिन्न घटको अर्थात् भूमि की अनुपलब्धता (25 विद्यालय), अपर्याप्त निधि (एक विद्यालय), लंबित भूमि मैपिंग (एक विद्यालय), ड्राफ्ट निविदा दस्तावेजों को तैयार करने में विलम्ब (66 विद्यालय), अभिकरण निर्धारित की गई परंतु कार्य प्रारम्भ न करने (111 विद्यालय) तथा कार्य आदेश जारी न करने (19 विद्यालय) के कारण प्रारम्भ नहीं किया गया था। लेखापरीक्षा ने यह भी पाया कि खोले गए चार विद्यालयों (2011-12) को छात्रों की अनुपलब्धता के कारण 2013-14 में बंद कर दिया गया था। इसने योजना की कमी को विद्यालयों की स्थापना आवश्यकता का निर्धारण किए बिना की गई थी तथा निर्माण कार्य हेतु कार्यान्वयन अभिकरण को अंतिम रूप देने में विलम्ब को दर्शाया जिसने विद्यालयों के छात्रों को उपयुक्त अवसरंचनात्मक सुविधा से वंचित किया।

अनुबंध-23

(पैरा सं. 4.5.1.3(ii) के संदर्भ में : सामुदायिक संघटन एवं अभिनव हस्तक्षेप)

क्र.सं.	राज्य	अभ्युक्ति
1.	मध्य प्रदेश	• 10 जिलो के 20 विद्यालयों में राज्य सरकार द्वारा अनुदान प्रदान नही किए गए थे।
2.	असम	• 8 नमूना जांच किए गए जिलों में भा.स. से निधि प्राप्त नहीं की गई थी।
3.	ओडिशा	• विद्यालय स्तरों पर कोई सामुदायिक संघटन कार्य प्रारम्भ नहीं किए गए थे क्योंकि ऐसे कार्य प्रारम्भ करने के समर्थन में कोई अभिलेख तथा दस्तावेज 33 नमूना जांच किए गए विद्यालयों में उपलब्ध नहीं थे।
4.	तमिलनाडु	9 चयनित जिलों में, डी.पी.सी. द्वारा कोई कार्य प्रारम्भ नहीं किए गए थे।
5.	जम्मू एवं कश्मीर	मुफ्त पुस्तके, कार्य पुस्तिका एंव स्टेशनरी मद, यूनिफार्म/जूते; साईकल/व्यील चेयर आवास एवं भोजन हेतु प्रभार, छात्रों हेतु वजीफा आदि जैसे प्रोत्साहन 2011-14 के दौरान राज्य में अ.ज.जा. छात्रों को प्रदान नहीं किए गए थे।
6.	बिहार	• 10 नमूना जांच किए गए जिलों के 63 विद्यालयों में पुस्तकें, कार्यपुस्तिकाएँ तथा लेखनसामग्रियां 11923 अ.ज.जा. छात्रों सहित किसी भी छात्र को प्रदान नहीं की गई थी। • 3 नमूना जांच किए गए विद्यालयों में 211 अ.ज.जा. बालिका छात्रों को यूनिफार्म प्रदान नहीं की गई थीं। • दो नमूना जांच किए गए विद्यालयों में 198 अ.ज.जा. छात्रों में से 27 अ.ज.जा. छात्रो को निधियों की अनुपलब्धता के कारण साईकले प्रदान नहीं की गई थीं। • 63 नमूना जांच किए गए विद्यालयों में से 7 ने साईकल की खरीद के लिए 349 अ.ज.जा. छात्रों को धन के संवितरण का दावा किया परंतु खरीद के समर्थन में बाउचर उपलब्ध नहीं थे। • 10 नमूना जांच किए गए जिलों में 63 विद्यालयों के 11923 अ.ज.जा. छात्रों सहित किसी भी छात्र को आवास एवं भोजन प्रभार प्रदान नही किए गए थे। • 51 नमूना जांच किए गए विद्यालयों में भर्ती 3511 अ.ज.जा. छात्रों को निधियों की अनुपलब्धता एंव प्रशासनिक कारणों के कारण वजीफा प्रदान नहीं किया गया था।
7.	महाराष्ट्र	• महाराष्ट्र सरकार ने 2011-12 तथा 2013-14 के दौरान अ.ज.जा. छात्रों को जूते, यूनिफार्म, साईकल, भोजन एवं आवास अथवा वजीफा जैसे प्रत्याशित लाभ प्रदान नहीं किए गए थे। 2012-13 के दौरान, केवल 31 प्रतिशत छात्रों को पुस्तकों, कार्य पुस्तिकाओं तथा लेखनसामग्री प्रदान की गई थीं परंतु जूते, यूनिफार्म, साईकल, भोजन एंव आवास अथवा वजीफा जैसे अन्य लाभ प्रदान नहीं किए गए थे।
8.	आन्ध्र प्रदेश	• सात नमूना जिलों में, अ.ज.जा. छात्रों को पुस्तके, कार्यपुस्तिकाएं, लेखन सामग्रियां, यूनिफार्म, जूते तथा साईकल/व्यील चेयर प्रदान नहीं की गई थीं। सात नमूना जिलों में किसी भी नमूना जांच किए गए शैक्षणिक संस्थान में पढ़ रहे अनावासी अ.ज.जा. छात्रों को आवास एवं भोजन प्रभार अदा नहीं किए गए थे।
9.	राजस्थान	• आर.एम.एस.ए. के अंतर्गत 20 चयनित विद्यालयों में भर्ती अ.ज.जा. छात्रों को कोई पुस्तके, कार्य पुस्तिका, लेखन सामग्री, यूनिफार्म, जूते आदि प्रदान नहीं किए गए थे।
10.	छत्तीसगढ़	• 94 से 98 प्रतिशत अ.ज.जा. छात्रों को वजीफा दिया गया था। • 22 से 35 प्रतिशत अ.ज.जा. छात्रों को साईकल/व्यील चेयर का संवितरण किया गया था। • किसी भी अ.ज.जा. छात्र को कोई यूनिफार्म तथा आवास एवं भोजन के प्रभार प्रदान नहीं किए गए थे। • छात्रो को साईकल तथा व्यील चेयर की सुविधा आंशिक रूप से प्रदान की गई थी।
11.	झारखण्ड	• 32120 अ.ज.जा. छात्र बिना किसी वस्तुओं/सुविधाओं के भर्ती किए गए थे।
12.	मणिपुर	• राज्य मिशन द्वारा अ.जा.जा. छात्रों को कोई साधन सहयोग नहीं था।

अनुबंध-24

(पैरा सं. 4.5.1.5(iii) के संदर्भ में : अवसरंचना का विकास न होना)

क्र.सं.	राज्य	लेखापरीक्षा अभ्युक्ति
1	पश्चिम बंगाल	• हमने छ: चयनित जिलो में 12 उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों की नमूना जांच की। इन प्रत्येक विद्यालयों ने 10 कम्प्यूटर प्राप्त किए थे। इन 120 कम्प्यूटरों में से, दो जिलों में चार विद्यालयों में कोई कम्प्यूटर नहीं था जैसा नीचे दर्शाया गया है: o बर्धवान में दो विद्यालयों [16] में, दिसंबर 2012 में आपूर्ति किए गए तथा जनवरी 2013 में चालू किए गए 19 कम्प्यूटरों तथा परिधीय जून 2013 तथा जून 2014 के बीच चोरी हो गए थे। o जलपाईगुड़ी में दो विद्यालयों में 20 कम्प्यूटरों की सितंबर 2012 में आपूर्ति की गई थीं तथा बाद में मार्च 2014 में उप-ठेकेदार द्वारा उन विद्यालयों से वापस ले लिया गया था क्योंकि अभिकरण (डब्ल्यू.आई.एल.) ने विलम्ब तथा गैर-निष्पादन के आधार पर अपने उप-ठेकेदारों के साथ संविदा को रद् कर दिया था। • 80 शेष कम्प्यूटरों में से, तीन चयनित जिलों[17] में पांच विद्यालयों में 25 (31 प्रतिशत) खराब थे (जून से सितंबर 2014 तक)। • पश्चिम मिदनापूर में, एक विद्यालय में कम्प्यूटरों को जून 2014 में लगाया गया था तथा कक्षाए लेखापरीक्षा के समय (17 जून 2014) अभी भी प्रारम्भ करनी थीं।
2	त्रिपुरा	• नमूना जांच किए विद्यालयों में, प्रिंटरो, यू.पी.एस. तथा कुर्सी एवं टेबल सहित केवल 8 से 10 कम्प्यूटर प्रदान किए गए थे। अवसरंचना सुविधाओं की संस्थापना की विभाग द्वारा बाहरी अभिकरणों की नियुक्ति करके जांच की जानी थी परंतु यह नहीं किया गया था। किसी भी नमूना जांच किए गए विद्यालय में विद्यालय शिक्षा विभाग द्वारा इंटरनेट संयोजकता स्थापित नहीं की गई थी। भुगतान की स्थिति की एस.सी.ई.आर.टी., त्रिपूरा द्वारा अभिलेखो के गैर प्रस्तुतीकरण के कारण जांच नहीं की जा सकी थी। इस प्रकार, क्या अभिकरण को विद्यालयों हेतु अपेक्षित अवसरंचना सुविधा की सस्थांपना के बिना पूर्ण भुगतान प्राप्त हुआ था, भी सत्यापित नही किया जा सकता था।
	कर्नाटक	• 16 नमूना जांच किए गए सरकारी उच्चतम माध्यमिक विद्यालयों में से योजना को स्वंय की ईमारत की मांग के कारण 3 विद्यालयों [18] में कार्यान्वित नहीं किया गया था शेष 13 विद्यालयों में योजना को विभिन्न चरणों में कार्यान्वित किया गया था। • संयुक्त प्रत्यक्ष सत्यापन ने प्रकट किया कि केवल तीन विद्यालयों [19] में कम्प्यूटर शिक्षा प्रदान की गई थी। अन्य 10 विधालयो[20] में मॉनीटर की गैर-आपूर्ति के कारण छात्रों को कम्प्यूटर शिक्षा प्रदान नहीं की जा सकी थी।
3	राजस्थान	• सेवा प्रदात्ता फर्म द्वारा 23 सितंबर 2010 को सरकारी उच्चतम माध्यमिक विद्यालय, जयसिंहपुरा ब्लाक संगानेर, जयपुर को 10 कम्प्यूटर आदि प्रदान किए गए थे। कम्प्यूटरों की संस्थापना के पश्चात फरवरी 2014 की समाप्ति तक सकांय की नियुक्ति नहीं की गई थी। इसलिए, छात्र आई.सी.टी. परियोजना से वंचित थे। • बाद में प्रदत्त सूचना की संवीक्षा में यह पाया गया था कि सरकारी उच्चतम माध्यमिक विद्यालय , इंदरगढ़, ब्लाक जामवा रामगढ़, जयपुर से 6 मार्च 2012 को 10 कम्प्यूटर तथा

[16] मोसग्राम हाई स्कूल तथा नूदीपुर भूपेन्द्र स्मृति विघामंदीर

[17] द्रार्जिलिंग: दो विघालयों में सात कम्प्यूटर प्रत्येक, पश्चिम मिदनापूर: एक विघालय में पांच कम्प्यूटर तथा बॉकुर: दो विघालयों में चार कम्प्यूटर।

[18] जी.एच.एस., साम्ब्रा (बेलगांव), जी.एच.एस.एस. वेनेहनमर्दी (गोकाक), जी.एच.एस. अगासनकालू (चित्रदुर्ग)

[19] जी.एस.एस., कासीपूर (दिवांगिरी), जी.एस.एस. मस्तूर (रायचूर)

[20] जी.सी.एच.एस. क्याथासंदरा. डब्ल्यू-34 (तूमकूर), जी.एच.एस. राजोला (बिदर), जी.जे.सी., गोपालन (दिवांगिरी), ए.बी.एस. सरकार प्री विश्वविघालय महाविघालय (अनेकला), (बैंगलोर शहरी), जी.एच.एस., बालिका, मल्लेश्वरम (बैंगलोर शहरी), जी.एच.एस. सी.एस.पूरा, रामदुर्ग (बिलारी), जी.यू.पी. कम्पोसिट महाविघालय, थाकूला (चित्रदुर्ग), जी.जे.एस. बाईफ्रोकेटिड महाराजा (मैसूर), सरकारी पी.यू विश्वविधालय, बालक मानवी (रायचूर), जी.जे.सी. पावगढ़ (तूमकूर)

		तीन सी.पी.यू. चुरा लिए गए थे। विद्यालय के प्रधानाचार्य ने 6 मार्च 2012 को पुलिस थाना, जामवा रामगढ़, जयपूर में कम्प्यूटर आदि की चोरी की एफ.आई.आर. दर्ज की। इस मामले की जांच के पश्चात् एस.एच.ओ. पुलिस थाना, जामवा रामगढ़, जयपूर ने 27 जून 2012 को अंतिम रिपोर्ट प्रस्तुत की तथा इस प्रकार सेवा प्रदत्ता फर्म कम्प्यूटरों की पुन: संस्थापना हेतु उत्तरदायी थी परंतु फर्म द्वारा उनकी संस्थापना नहीं की गई थीं। इस प्रकार स.उ.मा.वि. रामगढ़ के छात्र आई.सी.टी. परियोजना के लाभ से वंचित थे।
4	असम	• 12 विद्यालयों से, जहाँ आई.सी.टी. योजना कार्यान्वित की गई थी, में से पांच में आपूर्तिकर्ता द्वारा प्रदान किए गए 26 कम्प्यूटर मरम्मत/वापसी की मांग के कारण दो से 36 महीनों के बीच की अवधियों तक गैर-क्रियात्मक रहे। • 12 विद्यालयों जहाँ आई.सी.टी. योजना कार्यान्वित की गई थी, में से तीन में बिजली कनेक्शन उपलब्ध नही था। इसके अतिरिक्त, कार्यान्वयन अभिकरणों द्वारा आठ विद्यालयों को आवर्ती व्यय के रूप में 1000/- प्रति माह की दर बिजली प्रभार प्रदान नहीं किया गया था। एक विद्यालय के सबंध में सूचना प्रस्तुत नहीं की गई थी। • 12 विद्यालयों , जहां आई.सी.टी. योजना कार्यान्वित की गई थी में से चार में वैकल्पिक पॉवर बैकअप के रूप जनरेटर प्रदान नहीं किया गया था। इसके अतिरिक्त, यघपि जनरेटर प्रदान किया गया था परंतु 1000 प्रति माह की दर पर जनरेटर हेतु डिजल/मिट्टी के तेल पर व्यय हेतु आवर्ती व्यय कार्यान्वयन अभिकरण द्वारा किसी भी विद्यालय को प्रदान नहीं किया गया था. इसके अतिरिक्त, रसोई गैस से चलने वाला जनरेटर की आठ विद्यालयों में से एक में आपूर्ति की गई थी। परंतु विद्यालय रसोई गैस का उपभोक्ता नहीं था जिसके परिणाम स्वरूप जनरेटर फरवरी 2010 से व्यर्थ पड़ा था। • 12 विद्यालयों, जहाँ आई.सी.टी. योजना कार्यन्वित थी, में से नौ में इंटरनेट सुविधा की कमी थी। तीन विद्यालयों, जहाँ इंटरनेट सुविधा प्रदान की गई थी, में से एक में इसे गैर-क्रियात्मक स्थिति में पाया गया था। इसके अतिरिक्त 10,000/- प्रति वर्ष की दर पर इंटरनेट/ब्राडबैण्ड प्रभार तीन विद्यालयों, जहाँ इटंरनेट सुविधा उपलब्ध थी, को प्रदान नहीं किए गए थे। इस प्रकार, आई.सी.टी. का लाभ चयनित जिले/विद्यालयों तक नहीं पहुंच सका।

अनुबंध-25

(पैरा सं. 4.5.1.5(iv) के संदर्भ में : आधिष्ठापन तथा पुनश्चर्या प्रशिक्षण प्रदान न करना)

क्र.सं.	राज्य का नाम	चयनित जिलों की सं.	चयनित विद्यालयों की सं.	प्रशिक्षण प्रदान किया गया हाँ या नहीं में		अन्य अभ्युक्तियां
				अधिष्ठापन	पुनश्चर्या	
1	त्रिपुरा	-	-	नहीं	नहीं	• किसी समर्पित शिक्षका की नियुक्ति नहीं की गई। • आई.सी.टी. सुविधाओं का व्यर्थ होना।
2	केरल,	4	9	-	-	• छात्रों को प्रशिक्षण प्रदान नहीं किया गया था। • समर्पित शिक्षकों की नियुक्ति नहीं की गई।
3	पश्चिम बंगाल	3 3	12 -	हां नहीं	नहीं नही	• अतंर थे जिसने 3747 अ.ज.जा. छात्रों को प्रभावित किया।
4	महाराष्ट्र	10	16 में से 15	नहीं	नहीं	-
5	असम	-	12 में से 11			
6	राजस्थान	4	8	नहीं	नहीं	• तीन जिलों अर्थात् दुगंरपूर, प्रतापगढ़ तथा सिरोही में 2011-12 तथा 2013-14 के दौरान प्रत्येक जिले के चयनित विद्यालय में एक अ.ज.जा. छात्र को प्रशिक्षित किया गया था। इन जिलों के अन्य विद्यालयों में कोई प्रशिक्षण प्रदान नहीं किया गया था।

अनुबंध-26

(पैरा सं. 4.5.2.1(iv) के संदर्भ में : प्रशिक्षण कार्यकलाप में कमी)

राज्य का नाम	अभ्युक्तियां
मध्य प्रदेश	• चयनित सभी तीनों जिलों में प्रशिक्षण पहलू को पूर्णत: अनदेखा किया गया था।
झारखण्ड	• रांची जिले में ओनकोलोजिस्ट की नियुक्ति न करने के कारण एन.पी.सी.डी.सी.एस. से संबंधित कोई गतिविधि नहीं पाई गई थी। • चयनित चार[21] सी.एस.सी. में पर्याप्त स्थान तथा चिकित्सीय एवं पैरा चिकित्सीय स्टाफ की अनुपलब्धता के कारण कोई कार्यकलाप प्रदान नहीं किए गए थे।
सिक्किम	• राज्य में प्रशिक्षण संस्थान के अभाव के कारण, पांच मुख्य प्रशिक्षकों के सेवा पूल का विभाग द्वारा जिला तथा पी.एच.सी./पी.एच.सी. स्तर पर प्रशिक्षण प्रदान करने हेतु उपयोग नहीं किया जा सका था। • राज्य एन.सी.डी. कक्ष में प्रशिक्षार्थी की प्रत्येक श्रेणी को किसी प्रशिक्षण किटों का संवितरण नहीं किया गया था।
महाराष्ट्र	• हालांकि मुख्य प्रशिक्षको का पूल राज्य सरकार के पास उपलब्ध नहीं था। • चन्द्रापुर तथा गदाचिरौली जिले में चिकित्सा स्टाफ को एन.सी.डी. प्रबंधन का प्रशिक्षण प्रदान नहीं किया गया था।
आन्ध्र प्रदेश	• नमूना जिलों में, प्रशिक्षण चिकित्सा अथवा पैरा चिकित्सा व्यावसायिकों द्वारा प्रदान की जानी थी परंतु केवल 475 ए.एन.एम. को प्रशिक्षित किया गया था।
असम	• फिजियोथेरेपिस्ट का पद सभी पांच एन.सी.डी. जिलों में रिक्त रहा। • लखिमपुर जिले में, उपशामक तथा पुनर्वास देखभाल प्रदान करने हेतु नर्सों के प्रशिक्षित करने की कोई व्यवस्था मौजूद नहीं थी।
जम्मू एवं कश्मीर	• नमूना जांच किए गए जिलों (कारगील तथा लेह) में किसी भी चिकित्सा तथा पैरा चिकित्सा व्यावसायकों को 2011-12 से 2013-14 के प्रशिक्षित नहीं किया गया था। • 19 संस्वीकृत एन.सी.डी. क्लीनिकों में से केवल 7 क्लीनिक क्रियात्मक थीं (डोडा में 3, लेह में 2 तथा उधमपुर जिले में 2)।
कर्नाटक	• थूमकूर जिले में, एन.सी.डी. क्लीनिक में डाक्टर तथा नर्सों के संस्वीकृत पद के प्रति कोई डाक्टर तथा नर्सें नहीं थी। • केन्द्र स्तर पर कोई प्रशिक्षण किटों की आपूर्ति नहीं की गई थी। • स्टाफ की एन.पी.सी.डी.सी.एस. के अंतर्गत संविदात्मक आधार पर नियुक्ति की गई थी।
बिहार	• चिकित्सा तथा पैरा चिकित्सा व्यावसायिकों हेतु प्रशिक्षण निर्धारित नहीं किया गया था। • जिला स्तर स्वास्थ्य देखभाल केन्द्र का क्षमता निर्माण नमूना जांच किए गए जिलों में त्रूटिपूर्ण था।
छत्तीसगढ़	• बिलासपुर तथा जशपुर जिलों की एन.सी.डी. क्लीनिकों के साथ-साथ जिला एन.सी.डी. कक्ष में श्रमशक्ति की कमी थी।

[21] बेरो, कांके, मांडेर तथा नामकूम

अनुबंध-27

(पैरा सं. 4.5.2.2(i) के संदर्भ में : सू.शि.सं. तथा मास मीडिया कार्यकलापों का न किया जाना)

राज्य	अभ्युक्तियां
मध्य प्रदेश	• अनुवाद, अभिग्रहण तथा प्रसार हेतु सू.शि.सं. सामग्री 2011-12 से 2013-14 के दौरान केन्द्रीय एन.सी.डी. कक्ष से प्राप्त नहीं की गई थी। • राज्य स्तर पर स्वास्थ जीवन शैली को प्रोत्साहीत करने हेतु प्रदत नैदानिक सेवाओं के लिए निर्धारित प्रारूप तथा ग्राम स्तर पर वयोवृद्ध की वार्षिक स्वास्थ्य जांच के संबंध में सूचना का वर्ष 2011-12 तथा 2013-14 के दौरान उल्लेख नहीं किया गया था। • नमूना जांच किए गए नौ सी.एच.सी.[22] तथा 16 पी.एच.सी.[23] में न तो जिला एन.सी.डी. सैल से अनुवादित सू.शि.सं. सामग्री की गई थी और न ही आठ सी.एच.सी. में लोक जागरूकता हेतु ग्राम स्वास्थ्य एवं स्वच्छता दिवस के माध्यम से कोई संदेश दिया गया था।
सिक्किम	• एस.एच.एस. ने 2011-12 से 2013-14 की अवधि के दौरान अस्पताल तथा पी.एच.सी./पी.एच.एस.सी. को संवितरण हेतु न तो भा.स. से कोई पोस्टर, बेनर प्राप्त किए थे और न ही इनका प्रापण/प्रिंट कराने हेतु कोई कदम उठाया था। • सामुदायिक जागरूकता केवल ग्राम स्वास्थ्य एवं स्वच्छता दिवस के दौरान ही सीमित थी। वयोवृद्ध के स्वास्थ्य देखभाल के संबंध में लोगों को सुग्राही बनाने हेतु स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन नहीं किया गया था।
कर्नाटक	• लोगों की जागरूकता हेतु मास मीडिया संदेश नहीं दिए गए थे क्योंकि राज्य द्वारा इसका आयोजन नहीं किया गया था। • लोगों को शिक्षित करने हेतु किसी शिविरों पोस्टरों, बैनरों का उपयोग नहीं किया गया था। • ग्राम स्तर पर वयोवृद्ध हेतु वार्षिक जांच शिवरों का आयोजन नहीं किया गया था • घर तक सीमित/रूग्ण वयोवृद्ध व्यक्तियों पर विशेष ध्यान नहीं दिया गया था।
छत्तीसगढ़	• चयनित पांच ब्लॉको में से केवल एक ब्लॉक (पथालगांव) ने लोगों की जागरूकता हेतु बैनर तथा पोस्टर प्रकाशित किए थे।

[22] दमूआ, धनोरा, हराई, जमई, कुकशी, नामली, पीथमपुर, सैलाना तथा तमिया

[23] बरेलीपार, बटकाहापा, बिलपंक, बुरीखुर्द, चिंदी, देहरी, डेलाखेरी, धामनोड़, दुंगरिया, हाल्डी, हनोटिया, नाल्छा, ओझाल्धाना, सागोर, श्रवण तथा शिवगढ़

अनुबंध-28

(पैरा सं. 4.5.2.2(ii) के संदर्भ में : कोई स्वास्थ्य सुविधा प्रदान नहीं की गई)

राज्य	अभ्युक्तियां
सिक्किम	• जिला अस्पताल, सिगंतम में ₹40.93 लाख की कुल लागत पर स्थापित 20 बैड वाले जराचिकित्सा वार्ड (पुरूष एवं महिला प्रत्येक हेतु 10 बैड अलग) को अभी भी (सितंबर 2014) चालू किया जाना था। जराचिकित्सा वार्ड को चालू न किए जाने के कारण, चार बैड वाले जराचिकित्सा वार्ड को जिला अस्पताल, सिगंतम के पुरूष चिकित्सा वार्ड से अस्थायी रूप से चलाया जा रहा था। • पी.एच.सी. स्तर पर साप्ताहिक जराचिकित्सा क्लीनिक का आयोजन नहीं किया गया था। • इसके अतिरिक्त, वयोवृद्ध रोगियों को राहत देखभाल के प्रावधान हेतु कथित वार्ड में कोई अलग कमरे को चिन्हित नहीं किया गया था। • जिला अस्पताल, सिगंतम में एन.सी.डी. क्लीनिक में दैनिक देखभाल किमोथेरेपी सुविधा उपलब्ध नहीं थी। इसके अतिरिक्त, जिराचिकित्सा चिकित्सीय एंव स्वास्थ्य समस्याओं हेतु प्रयोगशाला जांच तथा औषधीयों के लिए अलग सुविधा का कोई प्रावधान नहीं था।
आन्ध्र प्रदेश (जिला अस्पताल नैलोर)	• सितंबर 2012 में अस्पताल परिसर में एक अलग जराचिकित्सा क्लीनिक की स्थापना की गई थी। 2012-13 तथा 2013-14 के दौरान क्रमश: 16409 तथा 26097 जराचिकित्सा के मामलों की पहचान की गई थी परंतु महत्वपूर्ण मदें[24], जो अपेक्षित थी, उपलब्ध नहीं थी। इसके अतिरिक्त, इस सबंध में अभिलेखों का उचित रूप से अनुरक्षण नहीं किया जा रहा है।
मध्य प्रदेश	• तीन जिला अस्पतालों[25], 9 सी.एच.सी. तथा 16 पी.एच.सी. में सुविधाएं मशीनों तथा उपकरणों के सम्पूर्ण सेट से सुसाज्जित नहीं थीं।
पश्चिम बंगाल	• जलपाईगुड़ी तथा दार्जलिंग में 309828 तथा 468046 वयोवृद्ध व्यक्तियों की कुल संख्या के प्रति मार्च 2014 तक क्रमश: केवल 97870 (32 प्रतिशत) तथा 4402 (0.9 प्रतिशत) की जांच की गई थी जिसने खराब निष्पादन को दर्शाया।
कर्नाटक	• दवाईयों तथा उपभोज्यों हेतु किए गए 3.05 लाख की इन्डेन्ट कीमत के प्रति केवल ₹1.42 लाख मूल्य की दवाईयों आपूर्ति की गई थी।
झारखण्ड	• जिला स्तर पर विशेष सेवाओं वाले जराचिकित्सा वार्ड तथा क्लीनिक को स्थान की विलम्ब से उपलब्धता तथा चिकित्सा एवं पैरा चिकित्सा स्टाफ की गैर-नियुक्ति के कारण अभी भी शुरू किया जाना था।

[24] 1 मल्टी चैनल मानीटर 2 नान इनवोसिव वैंटीलेटर 3 शार्टवेव डायथर्मी 4 सर्वीकिल ट्रक्शन (इंटरमिटेट) 5 पेल्विक ट्रेक्शन (इंटरमिटेंट) 6 ट्रान इलेक्ट्रीक नर्व स्टीमूलेटर 7 एडजस्टेबल वाल्कर

[25] छिंदवाड़ा, धर तथा रतलाम

अनुबंध-29

(पैरा सं. 4.5.2.2(iii) के संदर्भ में **:** प्रशिक्षण कार्यकलाप में कमी)

राज्य	अभ्युक्तियां
मध्य प्रदेश	• 3225 प्रशिक्षित व्यावसायिकों के मानदण्ड के प्रति एस.एच.सी. से डी.एच. तक केवल 1391 व्यावसायिक प्रशिक्षित किए गए थे। • प्रशिक्षण संघटक हेतु ₹37.88 लाख के उपलब्ध बजट के प्रति वर्ष 2011-12 से 2013-14 के दौरान केवल ₹16.59 लाख (44 प्रतिशत) का उपयोग किया गया था। • 3 डी.एच. तथा 9 सी.एच.सी. की नमूना जांच ने प्रकट किया कि पर्याप्त स्टाफ की सुविधाएं उपलब्ध नहीं थी।
महाराष्ट्र	• तीन चयनित जिलों में यह पाया गया था कि दो जिलो (चन्दरपूर तथा गदचिरोली) में प्रशिक्षण अलग से प्रदान नहीं किया जा रहा था बल्कि इसे एन.पी.सी.डी.सी.एस के प्रशिक्षण के साथ प्रदान किया गया था। अमरावती जिले में योजना को कार्यान्वित नही किया जा रहा था।
आन्ध्र प्रदेश (जिला अस्पताल, नैलोर)	• एन.पी.एच.सी.ई. के कार्यान्वयन हेतु अलग स्टाफ की नियुक्ति नहीं की गई थी इसलिए चिकित्सा व्यावसायिकों को प्रशिक्षणों हेतु नांमाकित नहीं किया गया था।
जम्मू एवं कश्मीर	• कश्मीर तथा जम्मू प्रभाग में एन.पी.एच.सी.ई. के अंतर्गत स्टाफ की भारी कमी थी। कश्मीर प्रभाग में, 53 चिकित्सा तथा पैरा चिकित्सा स्टाफ की संस्वीकृत संख्या के प्रति केवल 34 (64%) तैनात थे। इसी प्रकार, जम्मू प्रभाग में 29 की संस्वीकृत संख्या के प्रति केवल 17 (59%) तैनात थे। • नमूना जांच किए कारगील तथा लेह जिले में 33 की संस्वीकृत संख्या के प्रति केवल 18 (56%) एन.पी.एच.सी.ई. के अंतर्गत तैनात थे। दोनो जिलो में कोई चिकित्सा सलाहकार प्रदान नहीं किया गया था।
कर्नाटक	• जिला एन.सी.डी. में प्रशिक्षण सूची तैयार की गई थी तथा डी.एच.ओ. द्वारा स्वीकृत की गई थी परंतु राज्य एन.सी.डी. सैल द्वारा तैयार नहीं की गई थी। • एन.पी.एच.सी.ई. हेतु प्रशिक्षण मानदण्ड एन.पी.सी.डी.सी.एस. के समान थे। चिकित्सा अधिकारियों तथा पैरा चिकित्सा स्टाफ को प्रशिक्षण प्रदान किए गए थे। • 2011-12 से 2013-14 के दौरान साप्ताहिक जराचिकित्सा क्लीनिकों का आयोजन नहीं किया गया था।

अनुबंध-30

(पैरा सं. 4.5.2.3(i) के संदर्भ में : लक्ष्यों तथा उपलब्धियों में कमी)

राज्य	अभ्युक्तियां
तमिलनाडु	• टीकाकरण विस्तार में लक्ष्यों तथा उपलब्धियों में कमी।
झारखण्ड	• केवल 2011-12 से 2013-14 के दौरान उपलब्धि डी.टी. के अंतर्गत 8 से 16 प्रतिशत, टी.टी.-16 हेतु 37 से 42 प्रतिशत तथा टी.टी. 10 हेतु 32 से 37 प्रतिशत थी। • टीकाकरण हेतु 24,25,247 बच्चों का लक्ष्य था, जिसमें से 2011-14 के दौरान बी.सी.जी. के लिए 2095147 बच्चों को टीका दिया गया, 20,11,685 बच्चों को मिजल्स के लिए 20,35,471 बच्चों को डी.पी.टी. के लिए तथा 18,17,945 बच्चों को आई.पी.बी. के लिए टीके दिये गये थे।
त्रिपुरा	• 12 प्रा.स्वा.के. में, एक प्रा.स्वा.के. (अटारोभोल) के सिवाए कोई भी प्रा.स्वा.के. विभाग, निर्धारित पूर्ण लक्ष्यों को प्राप्त नहीं कर सका था। अन्य चयनित प्रा.स्वा.के. में उपलब्धि दर 15 प्रतिशत से 99 प्रतिशत के बीच थी।
मणिपुर	• अवधि के दौरान 5 वर्षों की आयु हेतु डी.टी., 10 वर्षों के आयु वर्ग हेतु टी.टी. तथा 16 वर्षों के आयु वर्ग हेतु टी.टी. की समग्र उपलब्धि क्रमश: 34.35%, 40.04% तथा 62.34% थी। उपलब्धि में कमी के कारण विभाग द्वारा सूचित नहीं किए गए थे।
मध्यप्रदेश	• पूर्ण टीकाकरण में कमी 14 से 21 प्रतिशत के बीच थी। इसके अतिरिक्त, दस नमूना जांच किए गए जिलों में टीके में उपलब्धि 47-113 प्रतिशत के बीच थी तथा पूर्ण टीकाकरण में यह 61-101 प्रतिशत थी।
सिक्किम	• एस.एच.एस. एवं डी.एच.एस. (पूर्व एवं पश्चिम) में पूर्ण टीकाकरण में उपलब्धि में कमी क्रमश: 8 से 10 प्रतिशत तथा 5 से 26 प्रतिशत थी। • टी.टी (16) के विस्तार में एस.एच.एस द्वारा उपलब्धि की खराब प्रतिशतता (59 से 67 प्रतिशत) थी। • मिजल्स के विस्तार (लक्ष्य के प्रति 91% से 94%) की उच्च दर के बावजूद, 2011-12 से 2013-14 की अवधि के दौरान, राज्य में मिजल्स के 300 मामले सूचित किए गए थे।
असम	• 2011-14 के दौरान एम.डी., रा.ग्रा.स्वा.मि. द्वारा, टीकाकरण के लिए ज.जा.उ.यो. के अंतर्गत कोई निधि प्राप्त नहीं की गई थी। • 2011-14 के दौरान लक्ष्यों की तुलना में, टीकाकरण के अंतर्गत उपलब्धि में कमी 12 से 23 प्रतिशत के बीच थी। • 2011-14 के दौरान, राज्य में गौण टीकाकरण की उपलब्धि में कमी, डी.पी.टी. द्वितीय बूस्टर हेतु 60 से 80 प्रतिशत के बीच, टी.टी. (16 वर्ष) हेतु 72 से 76 प्रतिशत के बीच तथा टी.टी. (16 वर्ष) हेतु 64 से 74 प्रतिशत तक थी।
जम्मू एवं कश्मीर	• 2011-12 से 2013-14 के दौरान, राज्य स्तर पर पूर्ण टीकाकरण, अर्थात् बी.सी.जी., मिजल्स, डी.पी.टी., ओ.पी.वी., डी.टी., टी.टी 16, टी.टी.10 में कमी 8 से 16 प्रतिशत के बीच थी। इसके अतिरिक्त, छ[26] नमूना जांच किए गए जिलों में, टीकाकरण लक्ष्यों की उपलब्धि में भी कमी पाई गई थी। यद्यपि, राज्य में यू.आई.पी. कुछ वर्षों से कार्यान्वित था फिर भी राज्य में 2011-12 से 2013-14 के दौरान, पोलियों की बिमारी के मामले को छोड़कर, बचपन निवारणीय रोग मामलों के पर्याप्त मामले थे।

[26] अनंतनाग, कारगिल, लेह, पुंछ, राजौरी तथा रियासी

बिहार	• उनके क्षेत्रों से संबंधित नवजात पूर्ण रूप से प्रतिरक्षित नहीं थे, क्योंकि लक्ष्यित जनसंख्या के केवल 67 से 75 प्रतिशत को शामिल किया जा सका था।
ओडिशा	• 2011-14 के दौरान, नियमित प्रतिरक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत, 25,73,872 के लक्ष्य के प्रति 20,99,484 बच्चों (82 प्रतिशत) को प्रतिरक्षित किया गया था। • पल्स पोलियों प्रतिरक्षण के अतंर्गत, 2011-14 के दौरान 25,96,197 के लक्ष्य के प्रति 2108040 बच्चों (81 प्रतिशत) का प्रतिरक्षण किया गया था। पूर्ण प्रतिरक्षण के अंतर्गत, 25,73,872 के लक्ष्य के प्रति 20,99,484 बच्चों को प्रतिरक्षित किया था।
गुजरात	• राज्य के 12 जनजातीय जिलों में डी.टी., टी.टी. (16) तथा टी.टी. (10) के प्रतिरक्षण में क्रमश: 19.01 प्रतिशत, 11.54 प्रतिशत तथा 11.16 प्रतिशत की कमी थी। जबकि आठ चयनित जिलों के मामले में डी.टी., टी.टी.(16) तथा टी.टी.(10) के प्रतिरक्षण में ऐसी कामियां क्रमश: 33.11 प्रतिशत, 14.39 प्रतिशत तथा 17.97 प्रतिशत के बीच थी। बी.सी.जी. के मामले में, आठ चयनित जिलों में 10.03 प्रतिशत की कमी थी। • राज्य में पोलियों का कोई नया मामला नहीं था परंतु 2011-14 की अवधि के दौरान पी.पी.आई. की समग्र उपलब्धि 6.24 प्रतिशत से 9.71 प्रतिशत के बीच थी।
छत्तीसगढ़	• बी.सी.जी., मिजल्स, डी.पी.टी. तथा ओ.पी.वी. के अंतर्गत शून्य से एक वर्ष के आयु वर्ग के बीच के बच्चों के प्रतिरक्षण के लक्ष्य में उपलब्धि 2011-12 से 2013-14 के दौरान 85 से 82, 86 से 80, 87 से 83 तथा 86 से 83 तक गिरावट आई। • 2011-12 के दौरान सरगुजा (35 प्रतिशत) तथा 2012-13 के दौरान बलरामपुर (42 प्रतिशत) को छोड़कर बी.सी.सी. टीकाकरण 71 से 112 प्रतिशत के बीच था। • 2011-12 के दौरान सरगुजा (45 प्रतिशत), 2012-13 के दौरान बलरामपुर (46 प्रतिशत) तथा कोडंगावं (58 प्रतिशत) को छोड़कर मिजल्स टीकाकरण 72 से 107 प्रतिशत के बीच था। • सरगुजा (41 प्रतिशत) में 2011-12 के दौरान और बलरामपुर में (42 प्रतिशत) 2012-13 के दौरान को छोड़कर, डी.टी.पी. टीकाकरण 74 से 117 प्रतिशत के बीच किया गया था। • 2011-12 के दौरान सरगुजा में (39 प्रतिशत) तथा 2012-13 के दौरान बलरामपुर में (42 प्रतिशत) को छोड़कर, ओ.पी.वी. टीकरकरण 68 से 108 प्रतिशत के बीच था। • राज्य में पूर्ण टीकाकरण के लक्ष्यों की उपलब्धि 2011-12 से 2013-14 के दौरान तेजी से कम 85 से 79 प्रतिशत हुई। जबकि नमूना जांच किए गए आठ जिलों में, 2012-13 के दौरान कोडंगांव में (58 प्रतिशत) तथा 2011-12 के दौरान सरगुजा में (45 प्रतिशत) को छोड़कर 74 से 109 प्रतिशत के बीच थी। • राज्य में, 2011-12 से 2013-14 के दौरान, डी.टी., टी.टी. (10) तथा टी.टी.(16) के लक्ष्य की उपलब्धि क्रमश: 53 से 59, 80 से 86 तथा 73 से 75 के बीच थी। नमूना जांच किए गए जिलों में, 2011-12 से 2013-14 के दौरान डी.टी. प्रतिरक्षण की उपलब्धि, सरगुजा (30 प्रतिशत) को छोड़कर, 55 से 100 प्रतिशत के बीच थी। • 2011-12 से 2013-14 के दौरान, राज्य में 34,729 तीव्र श्वसन सक्रंमण मामलों, 9,515 मिजल्स मामलों, 331 कुकर खांसी मामलों, 151 रोहिणी मामलों तथा 28 टेटनस मामलों की पहचान की गई थी। जबकि, आठ चयनित जिलों में, 34,088 तीव्र श्वसन सक्रंमण, 1635 मिजल्स मामलों, एक रोहिणी तथा आठ आ.टेटनस मामलों की पहचान की गई थी।
राजस्थान	• चयनित 10 जिलों में पंजीकृत गर्भवती महिलाओं को, ₹6.85 लाख, ₹7.25 लाख तथा ₹7.44 लाख के प्रति 2011-12, 2012-13 तथा 2013-14 के दौरान क्रमश: ₹5.24 लाख (76.50%), ₹5.59 लाख

	(77.10 प्रतिशत) तथा ₹5.92 लाख (79.57 प्रतिशत) की टेटनस टोक्साईड खुराक दी गई थी। • कारौली, सवाई माधोपुर तथा सिरोही में पूर्ण प्रतिरक्षण की प्रतिशतता राज्य औसत की प्रतिशतता से कम थी जबकि शेष 6 जिलों में यह राज्य औसत से अधिक थी।

अनुबंध-31

(पैरा सं. 4.5.2.3(i)(ग) के संदर्भ में *:* गर्भवती महिलाओं की जाँच एवं आई.एफ.ए. गोलियों में कमियां)

<table>
<tr><th>राज्य</th><th>अभ्युक्तियां</th></tr>
<tr><td>झारखण्ड</td><td>• 2011-12 से 2013-14 के दौरान कुल 22,52,825 पंजीकृत गर्भवती महिलाओं में से 5,51,594 (24 प्रतिशत) को 26 वें सप्ताह की जांच तथा 14,66,892 (65 प्रतिशत) को 32 वें सप्ताह की जांच प्राप्त हुई थी। 32 वे सप्ताह की जांच तथा चिकित्सीय उपयोग हेतु आई.एफ.ए. गोलियों के संवितरण का डाटा प्रदान नहीं किया गया था। केवल 12,06,581 (54 प्रतिशत) महिलाओं को चिकित्सीय उपयोग हेतु आई.एफ.ए. गोलियां प्रदान की गई थी।</td></tr>
<tr><td>तमिलनाडु</td><td>• 2011-12 से 2013-14 के दौरान पंजीकृत गर्भवती महिलाओं के प्रति, प्रसव पूर्व जांच, प्रसवोतर जांच आदि में कमी।</td></tr>
<tr><td>असम</td><td>• जांच हेतु आई पंजीकृत गर्भवती महिलाओं की पहली जांच तथा अनुवर्ती जांचों, दूसरी से चौथी जांच के बीच काफी अंतर था। पंजीकरण के पश्चात अनुवर्ती जांच में गर्भवती महिलाओं की संख्या में कमी के कारण अभिलेख में नहीं थे।

• गर्भवती महिलाएं जिन्हें सलाह दिए गए स्तर तक आई.एफ.ए. गोलियां प्रदान की गई थीं, 2011-14 के दौरान अपर्याप्त थीं। कमी 10 से 20 प्रतिशत के बीच थी।</td></tr>
<tr><td>गुजरात</td><td><table>
<tr><td>स्थिति</td><td>12 जनजातीय जिलों में</td><td>चयनित आठ जिलों में</td></tr>
<tr><td>प्रसवोत्तर जांच प्रदान करना</td><td>21.14%</td><td>28.31%</td></tr>
<tr><td>टेटनस डीयोक्साईड प्रदान करने में कमी</td><td>नही</td><td>72.02% (सा.स्वा.के. स्तर)</td></tr>
<tr><td>गर्भ के पंजीकरण के पश्चात तीन प्रसव पूर्व जांच</td><td>16.13%</td><td>83.07%</td></tr>
</table></td></tr>
<tr><td>मध्य प्रदेश</td><td>• कुल पंजीकृत गर्भवती महिलाओं में से, गर्भ के दौरान केवल 49 से 53 प्रतिशत महिलाओं को प्रथम तिमाही में ए.एन.सी. तथा 77 से 79 प्रतिशत गर्भवती महिलाओं को 26 वें सप्ताह से 36 वें के बीच ए.एन.सी. तथा 21 से 23 प्रतिशत महिलाओं को 2011-14 के दौरान ए.एन.सी. जांच प्रदान की गई थी।

• 2011-14 के दौरान 17 से 22 प्रतिशत गर्भवती महिलाओं को टेटंनस से प्रतिरक्षित नहीं किया गया था तथा कुल पंजीकृत गर्भवती महिलाओं में से 4.07 लाख महिलाओं को आई.एफ.ए. गोलियों का संवितरण नहीं किया गया था।</td></tr>
</table>

छत्तीसगढ़	• 2011-12 से 2013-14 के दौरान, कुल पंजीकृत गर्भवती महिलाओं की प्रतिशतता, जिन्होने गर्भ के दौरान पूर्ण जांच प्राप्त की 73 से 74 प्रतिशत के बीच थी, महिलाएं जिन्हें टेटंनस डियोक्साईड खुराक दी गई थी 75 से 78 प्रतिशत तथा महिलाएं जिन्हें आई.एफ.ए. गोलियां प्रदान की गई थी 63 से 84 प्रतिशत के बीच थी। इस प्रकार, 2011-12 से 2013-14 के दौरान 27 प्रतिशत गर्भवती महिलाएं प्रसव पूर्व देखभाल से वंचित थीं। • 2011-12 से 2013-14 के दौरान, कुल पंजीकृत गर्भवती महिलाओं, जिन्होनें पी.एन.सी. प्राप्त की थी, की प्रतिशतता 78 से 92 प्रतिशत थी।
पश्चिम बगांल	22 नमूना जांच किए गए सा.स्वा.के. में, 2011-14 के दौरान, 2,26,638 पंजीकृत गर्भवती महिलाओं में से 1,40,356 (62 प्रतिशत) ने चार प्रसवपूर्ण जांच प्राप्त किए थे, 1,66,198 महिलाओं (73 प्रतिशत) को 100 दिनो की आई.एफ.ए. गोलियां प्रदान की गई थी तथा 1,97,397 महिलाएं (87 प्रतिशत) टी.टी. से पूर्ण रूप से प्रतिरक्षित थीं। • ब्लॉक स्वास्थ्य चिकित्सा अधिकारी (बला.स्वा.चि.अ.) ने तीन प्रसवपूर्ण जांचो में कमी (38 प्रतिशत) को ज्ञान की कमी, एल.एम.पी. को गलत बताने, काम के लिए प्रवर्सन आदि को तथा आई.एफ.ए. गोलियां (26 प्रतिशत) तथा टी.टी (13 प्रतिशत) प्रदान किए जाने में कमी को, अ.जा. को आई.एफ.ए. गोलियों तथा टी.टी. की खुराकों की गैर-आपूर्ति अथवा कम आपूर्ति को आरोपित किया ।
सिक्किम	• उन महिलाओं की संख्या, जिन्हें टेटनस डिओक्साईड खुराक दी गई थी, उसी अवधि अर्थात् 2011-12 से 2013-14 के दौरान पंजीकृत गर्भवती महिलाओं की संख्या के अनुरूप नहीं थी जो एस.एच.एस. के साथ-साथ डी.एच.एस., पूर्व तथा पश्चिम जिला द्वारा टेटनस डिओक्साईड खुराक प्रदान करने में गर्भवती महिलाओं के कम आवृतन (11 प्रतिशत से 14 प्रतिशत के बीच) को दर्शाताहै। • एस.एच.एस. ने गर्भवती महिलाओं को आई.एफ.ए. गोलियों जारी करने के आवृतन के अलग अभिलेखों का अनुरक्षण नहीं किया था, फिर भी प्रोफलाईटिक तथा थेराप्युटिक दोनों हेतु आई.एफ.ए. गोलियां जारी करने का आवृतन, समीक्षा रिपोर्ट में शामिल अवधि के दौरान 76 प्रतिशत से 85 प्रतिशत के बीच था। • 2011-12 से 2013-14 के दौरान, पंजीकृत गर्भवती महिलाओं की संख्या क्रमश: 10079, 9288 तथा 9434 थीं। एस.एच.एस. तथा डी.एच.एस. (पश्चिम) ने गर्भवती महिलाओं के तिमाही-वार (26वां, 32वां तथा 36वां सप्ताह) पंजीकरण का अनुरक्षण नहीं किया था।
जम्मू एवं कश्मीर	• राज्य स्तर पर कुल पंजीकृत गर्भवती महिलाओं में से 44 से 50 प्रतिशत महिलाओं ने 12वें सप्ताह के भीतर ए.एन.सी. जांच प्राप्त नहीं की थी तथा 38 से 61 प्रतिशत गर्भवती महिलाओं ने गर्भ के 12वें तथा 36वें सप्ताह के बीच ए.एन.सी. जांच प्राप्त नहीं की थी। • नमूना जांच किए गए चार जिलों[27] (कारगिल, पुंछ, राजौरी तथा रियासी) में 30 से 70 प्रतिशत महिलाओं को ए.एन.सी. नहीं मिली थी। जबकि अनन्तनाग तथा लेहवास के संबंध में जिला स्तरीय पूर्ण सूचना, संबंधित मुख्य चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी के पास उपलब्ध नहीं थी। • राज्य स्तर पर 51 से 61 प्रतिशत गर्भवती महिलाओं को टेटनस से प्रतिरक्षित नहीं किया गया था 39 से 85 प्रतिशत महिलाओं को आई.एफ.ए. (प्रोफलाईटिक) प्रदान नहीं की गई थीं तथा विभाग राज्य स्तर पर आई.एफ.ए. (थेरोपेडिक) गोलियों के संवितरण के संबंध में मौन रहा। • इसके अतिरिक्त आई.एफ.ए. (थेरापेडिक) गोलियों का नमूना जांच किए गए 10 सी.एच.सी. तथा 25 पी.एच.सी. में से केवल 6 सी.एच.सी. तथा 14 पी.एच.सी. में संवितरण किया गया था। ए.एन.सी. टीका तथा आई.एफ.ए. गोलियां प्रदान करने का सी.एच.सी. तथा पी.एच.सी. वार वितरण।

[27] कारगिल 29%, पुंछ 70%, राजौरी 61% तथा रियासी 35%

त्रिपुरा	• बोरखा पी.एच.सी. तथा मधुपुर पी.एच.सी. द्वारा 2011-12 से 2013-14 के दौरान गर्भवती महिलाओं को कोई आई.एफ.ए. गोलियां जारी नहीं की गई थी, जबकि केवल तीन पी.एच.सी./सी.एच.सी. ने सभी गर्भवती महिलाओं, जो कथित अवधि के दौरान स्वास्थ्य केन्द्रों में गई थीं, को आई.एफ.ए. गोलियां जारी की हैं। 10 अन्य पी.एच.सी./सी.एच.सी. के संबंध में पंजीकृत गर्भवती महिलाओं को आई.एफ.ए. गोलियों का जारी किया जाना, व्यक्तिगत पी.एच.सी./सी.एच.सी. में 41 प्रतिशत से 96 प्रतिशत के बीच था।
महाराष्ट्र	• कुल पंजीकृत गर्भवती महिलाओं में से लगभग 67% गर्भ के दौरान जांच तथा प्रसवोत्तर जांच हेतु आई थीं।
मणिपुर	• नमूना जांच किए गए जिलों में, अवधि के दौरान पंजीकृत 64,613 गर्भवती महिलाओं में से 9,906 महिलाओं (15.33 प्रतिशत) को आई.एफ.ए. गोलियां प्रदान की गई थी। • 64,613 पंजीकृत महिलाओं में से 32,245 को टी.डी. प्रदान नहीं की गई थी (48.55 प्रतिशत)।

अनुबंध-32

(पैरा सं. 4.5.2.3(i)(घ) के संदर्भ में: प्रशिक्षण में कमी)

राज्य	अभ्युक्तियां
गुजरात	• राज्य के 12 जनजातीय जिलों में 2011-14 के दौरान विभिन्न चिकित्सा स्टाफ तथा पैरा-चिकित्सा स्टाफ को प्रशिक्षण प्रदान करने में कमी थीं जो 11.43 प्रतिशत (पी.एच.एन.) तथा 38.24 प्रतिशत (पी.एम.) के बीच थी। आठ चयनित जिलों में जिला स्तर पर पैरा चिकित्सा में ऐसी कमियां 15.19 प्रतिशत (आशा) तथा 66.67 प्रतिशत के बीच थी। आठ चयनित जिलों में तालूका स्तर पर।
राजस्थान	• 2012-13 के दौरान, स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं/ए.एन.एम. को प्रशिक्षण में कमी निधियों की कमी के कारण थी।
तमिलनाडु	• निर्धारित लक्ष्य तथा उपलब्धि के बीच आशा के प्रशिक्षण में कमी थी।
झारखण्ड	• 2011-12 से 2012-13 के दौरान 600 के लक्ष्य के विरुद्ध 219 तथा 193 एम.ओ. को प्रशिक्षण प्रदान किया गया था, जबकि वर्ष 2013-14 में कोई लक्ष्य निर्धारित नहीं किया गया था। • वर्ष 2011-12 में, 25 ए.एन.एम. को प्रशिक्षण बिना कोई लक्ष्य निर्धारित किए प्रदान किया गया था। इसके अतिरिक्त, 2012-13 तथा 2013-14 में 8,370 तथा 1280 के लक्ष्य के प्रति क्रमश: 1255 तथा 499 ए.एन.एम. को प्रशिक्षण प्रदान किया गया था। • 2011-14 के दौरान प्रतिरक्षण हेतु प्रशिक्षण कार्यक्रम की न तो योजना की गई थी और न ही आशा, टी.बी.ए./आर.एम.पी., पी.एच्.एन., स्टाफ नर्स तथा बी.पी.एम. को प्रतिरक्षण प्रदान की गई थी।
सिक्किम	• 2011-12 से 2013-14 की अवधि के दौरान, एस.एच.एस. ने केवल चिकित्सा अधिकारियों के प्रशिक्षण का आयोजन किया था। प्रतिशतता उपलब्धि केवल 65 प्रतिशत से 94 प्रतिशत के बीच थी। डी.एच.एस. (पूर्व) ने कोई वर्ष-वार लक्ष्यों को निर्धारित किए बिना आशा, ए.एन.एम., स्टाफ नर्स तथा कार्यक्रम प्रबंधक के प्रशिक्षण का आयोजन किया।
महाराष्ट्र	• राज्य सरकार ने आशा तथा आर.एम.पी./टी.बी.ए. को विशेष रूप से प्रतिरक्षण हेतु प्रशिक्षण प्रदान नहीं किया है हालांकि प्रतिरक्षण के प्रशिक्षण को सामान्य प्रशिक्षण के दौरान शामिल किया गया था। • 2011-14 के दौरान ए.एन.एम. लोक स्वास्थ्य नर्स तथा स्टाफ नर्सों को टीकाकरण के प्रशिक्षण के लक्ष्य प्राप्त करने में कमी थी जो 20 से 51 प्रतिशत के बीच थी।
जम्मू एंव कश्मीर	• 2011-12 से 2013-14 के दौरान आशा, आर.एन.टी./टी.बी. लोक स्वास्थ्य नर्सों, स्टाफ नर्सों तथा कार्यक्रम प्रबंधको को प्रतिरक्षण के अंतर्गत कोई प्रशिक्षण प्रदान नहीं किया गया था। • 2011-12 से 2013-14 की अवधि के दौरान टीकाकरण प्रशिक्षण लक्ष्यित 2500 के प्रति केवल 2500 ए.एन.एम./स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं, लक्ष्यित 625 में से 508 चिकित्सा अधिकारियों तथा लक्ष्यित 2001 में से 1716 कोल्ड चैन हैण्डलरों को प्रदान किया गया था।
